# समाचार
## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना
## 09 अक्टूबर से पुरी एवं 17 नवम्बर से बैजनाथ धाम की यात्रा
## ( 28 सितम्बर तक निगम ने मंगाएं आवेदन )

कोरबा 24 सितम्बर 2013 – मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत कोरबा जिले के साथ ही निगम क्षेत्र में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को आगामी 09 अक्टूबर से पुरी तथा 17 नवम्बर से बैजनाथधाम की यात्रा करायी जाएगी, नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्र में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से आगामी 28 सितम्बर तक आवेदन पत्र मंगाएं गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह द्वारा प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा कराए जाने की महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत आगामी 09 अक्टूबर 2013 से पुरी भुवनेश्वर की यात्रा कराई जाएगी जो 12 अक्टूबर 2013 को पूरी होगी, इसी प्रकार 17 नवम्बर से 19 नवम्बर के मध्य बैजनाथ धाम की यात्रा कराई जाएगी। नगर पालिक निगम कोरबा को 92 हितग्राहियों का कोटा तय किया गया है, इसके अतिरिक्त 25 प्रतिशत अर्थात 23 हितग्राही प्रतीक्षा सूची में रखे जाएंगे। निगम ने अपने क्षेत्रांतर्गत निवास करने वाले वरिष्ठ नागरिकों, जिन्होने अभी तक इस योजना के तहत एक बार भी तीर्थ यात्रा नहीं की है से आगामी 28 सितम्बर 2013 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। निर्धारित प्रारूप में आवेदन निगम के समाज कल्याण विभाग में जमा कराए जा सकेंगे।

संपादकव्यूरोचीफ........................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**( रावेन्द्र सिंह )**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)